कार्यालय– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल, चतरा ।
वन भवन, चतरा – 825401 (झारखण्ड)
Ph. & Fax (o) - 06541- 222303 E-mail:- dfochatrasouth@gmail.com

पत्रांक दिनांक

सेवा में,

श्री आलोक कुमार,
उप महाप्रबंधक / विभागाध्यक्ष,
पर्यावरण एवं वन विभाग,
सी.सी.एल., दरभंगा हाऊस,
राँची।

विषय– सी.सी.एल. का आम्रपाली ओ.सी.पी. फेज–II में 432.59 हे0 वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग– मगध आम्रपाली परियोजना पदाधिकारी का पत्रांक शून्य दिनांक 28.09.2016

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के सन्दर्भ में सूचित करना है कि विषयक प्रस्ताव की ऑनलाईन प्रति इस कार्यालय में दिनांक 17.11.2016 को प्राप्त हुआ है। भारत सरकार द्वारा प्राप्त चेक लिस्ट के अनुरूप जाँच किया गया। जाँचोपरांत निम्नांकित त्रुटियाँ पाई गई–

1. पार्ट– 1 के कंडिका C(ii) a में नम्बर ऑफ पैच One दर्शाया गया है जबकि माईनिंग प्लान के अवलोकन से ज्ञात होता है कि 10 पैच होगा। 10 पैचवाईज रकबा के साथ KML File अपलोड किया जाए।
2. पार्ट– 1 के कंडिका E(ii & iii) में संशोधन की आवश्यकता है।
3. पार्ट– 1 के कंडिका F-ii & (a) में R.R. Plan एवं Approved to ministry of tribal affare government to rehabilitation & resettlement खोलने पर अपलोड किया गये डाटा Bad Request Show होता है इसे पुनः अपलोड किया जाए।
4. पार्ट– 1 के कंडिका K-(i) में FRA 2006 के तहत Settlement of Right की प्रक्रिया पूर्ण नहीं है। प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत ही ऑनलाईन प्रस्ताव अपलोड किया जाए। क्योंकि ऑनलाईन प्रस्ताव में FRA 2006 अप्राप्त रहने के कारण ऑनलाईन प्रस्ताव भेज दी जाती है परन्तु हार्ड कॉपी भेजने में कठिनाईयाँ उत्पन्न होती है।
5. पार्ट– 1 के कंडिका M-i (b) में Environment Clearance to the project इसमें कुल 1426.08 हे0 के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति दी गई है जिसमें 793.08 हे0 वन भूमि के लिए स्वीकृति है। उसमें से पूर्व के आम्रपाली कोल प्रोजेक्ट हेतु 472.77 हे0 वन भूमि का अपयोजन किया जा चुका है शेष 320.31 हे0 ही वन भूमि अवशेष बचता है जबकि वर्त्तमान में 336.44 हे0 वन भूमि का अपयोजन प्रस्तावित है। इस प्रकार 16.13 हे0 पर्यावरणीय स्वीकृति के अतिरिक्त रकबा का प्रस्ताव समर्पित किया गया है। उसमें संशोधन कर Land Details / नक्शा एवं अन्य संबंधित अभिलेखों में सुधार की जाए।
6. पार्ट– 1 के कंडिका M-2(iii) में Copy of approval of mining plan में No Data दर्शाया गया है। संबंधित अभिलेख Upload किया जाए। साथ ही साथ M-2(iv) में Approved mining plan का कुछ ही पृष्ठ अपलोड किया गया है जबकि उसकी सक्षम स्तर से दी गई स्वीकृति का हस्ताक्षरयुक्त पूर्ण प्लान अपलोड होना चाहिए था जो नहीं है। पूर्ण प्लान अपलोड किया जाए।
7. पार्ट– 1 के कंडिका M-2(vi) में Land use plan & GPS Total Station से संबंधित नक्शा अपलोड किया गया है परन्तु उसमें स्केल नहीं दर्शाया गया है। इसमें 1:4000 स्केल अंकित कर अपलोड किया जाए।

अतः उल्लेखित त्रुटियों के निराकरण हेतु ऑनलाईन प्रस्ताव वापस किया जाता है।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

ह0 / –

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

ज्ञापांक– 3670 दिनांक– 14/12/2016

प्रतिलिपि– महा प्रबंधक, मगध आम्रपाली क्षेत्र, पो0 टण्डवा जिला चतरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/12

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

14/12/16